आईसार्क के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी
(संविदा आधार पर) के पद हेतु विज्ञापन

Advertisement for the post of
Managing Director & Chief Executive Officer (on contract basis) of ISARC

इंडिया एसएमई असेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लि. (आईसार्क) भारतीय रिज़र्व बैंक में पंजीकृत एक आस्ति पुनर्निमाण कंपनी है। इस कंपनी का प्रधान प्रायोजक भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) है, जो देश के एमएसएमई उद्यमों के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में सनद्ध एक शीर्ष वित्तीय संस्था है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा, यूनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया और सिडबी उद्यम पूँजी लिमिटेड इसके अन्य प्रायोजक हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के 10 अन्य बैंक, एलआईसी और 4 राज्य स्तरीय वित्तीय संस्थाएँ आईसार्क के शेयरधारक हैं। कंपनी की मौजूदा चुकता शेयर पूँजी रु. 100 करोड़ है। 31 मार्च, 2017 को कंपनी की सकल प्रबंधगत आस्ति रु. 476 करोड़ थी और यह अपने परिचालनों के प्रारंभ से ही लाभार्जन के पथ पर अग्रसर आस्ति पुनर्निमाण कंपनी रही है। आईसार्क उभरते हुए आस्ति पुनर्निर्माण व्यवसाय में उच्च संवृद्धि के मार्ग पर गतिमान है।

India SME Asset Reconstruction Company Limited (ISARC) is an Asset Reconstruction Company registered with Reserve Bank of India. The principal sponsor of the Company is Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the apex Financial Institution for promotion, financing and development of MSMEs in the country. Bank of Baroda, United Bank of India and SIDBI Venture Capital Ltd. are the other sponsors. 10 other public sector banks, LIC and 4 State-level financial institutions are the shareholders of ISARC. The present paid up share capital of the Company is `100 crore. The aggregate Asset Under management (AUM) of the Company as on March 31, 2017 was `476 crore and it has been a profit making ARC since commencement of its operations. ISARC is poised for a high growth in the emerging asset reconstruction business.

सिडबी को आईसार्क के लिए प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद हेतु एक अनुभवी व्यवसायी की आवश्यकता है।

SIDBI is looking for an experienced professional for the position of Managing Director & Chief Executive Officer (CEO) for ISARC.

कार्य दायित्व का वर्णन /Job description

पदाधिकारी, अन्य बातों के साथ-साथ, बाज़ार में आईसार्क की यथेष्ट रूप से हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से अधिगृहीत गैरनिष्पादक आस्तियों के पुनर्निमाण /पुनरुत्थान सहित, कंपनी का व्यवसाय बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होगा। वह निधि जुटाने, पथप्रदर्शक सेवाएँ देने, दल भावना के विकास और समग्र कार्य-निष्पादन के प्रति भी जिम्मेदार होगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी दैनंदिन परिचालनों का प्रभारी होगा और उसे शेयरधारकों तथा निवेशकों की अपेक्षाओं को पूरा करना होगा।

The incumbent would, inter alia, have responsibility for scaling up the business of the Company including reconstruction/revival of Non-Performing Assets acquired from banks and FIs to substantially increase the market share of ISARC. He will also

be responsible for fund raising, mentoring, team development and overall performance. The CEO will be in-charge of the day-to-day operations and will have to meet the expectations of shareholders and investors.

<u>पात्रता मानदंड /Eligibility criteria</u>

उम्र /Age	दिनांक 01 अगस्त, 2017 को 60 वर्ष से अधिक नहीं / Not more than 60 years as on August 01, 2017
योग्यता Qualification	**किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री /** Graduate degree in any discipline
अनुभव Experience	बैंकिंग और वित्त के क्षेत्र में 20 वर्षों से भी अधिक का अनुभव, जिसमें से वरिष्ठ पद पर विभिन्न प्रकार के ऋण, एनपीए, बैंकों /अखिल भारतीय संस्थाओं में विधिक मामलों से संबंधित कार्य निष्पादन का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव और अनुसूचित वाणिज्य बैंक के महाप्रबंधक या अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक के पद पर अन्य कार्य का अनुभव। एआरसी, निधि जुटाने, विधिक मामलों और विपदग्रस्त आस्तियों से संबंधित कार्य-निष्पादन के अनुभव को उच्चतर प्राथमिकता दी जाएगी। Over 20 years in banking and finance, out of which minimum of 5 years in senior positions having handled various credit, recovery, NPA management, legal matters in Banks / All India Financial Institutions and other related experience at the position of GM of Scheduled Commercial Bank or CGM of All India Financial Institutions. Experience in ARCs, fund raising, legal matters and dealing with distressed assets will be considered as added advantage.
अन्य Others	सुस्थापित रणनीतिक नेतृत्व, प्रबंध एवं निर्णय कौशल, दक्ष वाणिज्यिक प्रतिभा और विविध हितधारकों के प्रबंध का प्रामाणिक अनुभव, वित्तीय आस्तियों और अंतर्निहित प्रतिभूतियों के मूल्यांकन का ज्ञान, मुकदमों से संबंधित कार्यों के प्रबंध, आदि से अभ्यर्थियों की सुपात्रता में वृद्धि होगी। Proven strategic leadership, management and decision making skills, strong commercial acumen and demonstrated experience in managing diverse stakeholders, knowledge of valuation of Financial Assets and underlying securities, dealing with litigations, etc. will add value to the candidate’s profile.

यह नियुक्ति भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुमोदन के अधीन होगी और प्रारंभ में इसकी अवधि तीन वर्ष के लिए होगी, जिसे पारस्परिक सहमति से दो वर्षों तक के लिए बढ़ाया जा सकेगा। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी का वार्षिक पारिश्रमिक रु. 45 लाख नियत वेतन होगा और परिवर्ती राशि अधिकतम रु. 10 लाख तक होगी, जो कंपनी लागत पर आधारित होगी। प्रति वर्ष नियत पारिश्रमिक के 3% तक की वेतन वृद्धि की अनुमति होगी। कोई आवासीय व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।

The appointment is subject to the approval of the Reserve Bank of India and it shall be initially for a period upto three years and further extendable upto 2 years subject to mutual consent. The remuneration of MD & CEO would be **fixed salary of `45 lakh per annum and variable component upto a maximum of `10 lakh on Cost To Company basis**. An increment of 3% may be allowed every year on fixed remuneration. No residential accommodation will be provided.

भारतीय रिज़र्व बैंक से विधिवत् अनुमति मिलने के बाद, चयनित अभ्यर्थी को आईसार्क में कार्यग्रहण करने से पहले अपने वर्तमान संगठन की सेवा से त्यागपत्र देना होगा।

The selected candidate after due clearance from RBI will have to resign from his present serving organization before joining ISARC.

कंपनी का कार्य-परिवेश चुनौतीपूर्ण है। उच्च स्तर का प्रमाणित कार्यनिष्पादन तथा श्रेष्ठ कार्य-क्षमता और सामर्थ्य से संपन्न व्यवसायी विस्तृत शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव (सीवी) तथा मौजूदा एवं अपेक्षित सीटीसी (कंपनी को लागत) सहित पूर्ण गोपनीयता के साथ आवेदन **परिशिष्ट** में विनिर्दिष्ट प्रारूप के अनुसार प्रेषित करें। आवेदनपत्र लिफाफे पर "प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के लिए आवेदनपत्र" के शीर्षांकन के साथ कार्यालय समय की समाप्ति से पूर्व सिडबी को दिनांक **07 अगस्त, 2017** या उससे पहले निम्नलिखित पते पर प्राप्त हो जाने चाहिए।

The Company offers a challenging work environment. Professionals with proven track record of high performance and potential may write in strict confidence with detailed CV together with present and expected remuneration on Cost To Company basis in the format prescribed at **Appendix**. The application should be received by SIDBI on or before close of office hours on **August 07, 2017** by post in a cover superscribed "Application for the post of Managing Director & Chief Executive Officer (ISARC)" to the address given below:

मुख्य महाप्रबंधक /The Chief General Manager,

सहयोगी संस्था कक्ष /Associate Institution Cell

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक /Small Industries Development Bank of India,

चौथा तल, एमएसएमई विकास केंद्र /4th Floor, MSME Development Centre,

सी - 11, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स /C-11, G Block, Bandra Kurla Complex,

बांद्रा (पूर्व) / Bandra (East),

मुंबई / Mumbai - 400 051.

परिशिष्ट / Appendix

आईसार्क में प्रबंध निदेशक के पद के लिए आवेदनपत्र
APPLICATION FOR THE POST OF MANAGING DIRECTOR IN ISARC

क्र.सं. Sr.No.	विवरण Details (कृपया सभी जानकारी बडे अक्षरों में प्रस्तुत करें / Kindly furnish all information in capital letter)	
1	नाम / Name	
2	पत्राचार का पता Address for Correspondence	
3	ई-मेल आईडी E-mail id	
4	एसटीडी कोड सहित मोबाइल /टेलीफोन सं. Mobile / Telephone No. with STD Code	
5	जन्मतिथि /आयु Date of Birth / Age	DD/MM/YYYY ______ वर्ष / years
6	शैक्षणिक योगयताएँ Educational Qualifications [कृपया **स्नातक एवं उससे आगे** का विवरण दें / Please give details from **Graduation onwards**]	
7	**अनुभव / Experience**	
(a)	वर्षों की संख्या / No. of Years	…………………………………………
(b)	वर्तमान पदनाम / Present Designation	…………………………………………
(c)	संगठन(नों) का/के नाम Name of the Organization(s)	…………………………………………

(d) (e) (f)	सेवा अवधि / Period of Service उक्त अवधि में पदानुक्रम Level during that Period प्रमुख दायित्व /सँभाले गए कार्य Major responsibilities / job handled	से/From: _____ तक/To: _____ _____ वर्ष/Years ______ माह/Months ………………………………………… …………………………………………
8	वर्तमान सीटीसी / Current CTC	रु./Rs. प्रतिवर्ष/p.a.
9	अपेक्षित सीटीसी / Expected CTC	रु./Rs. प्रतिवर्ष/p.a.
10	अपेक्षित कार्यग्रहण अवधि Joining Time required	
11	अन्य सूचनाएँ, यदि कोई हों Other information, if any	